<u>**प्रसार भारती**</u>

<u>**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**</u>

04.03.2026 11:00 बजे

<u>**होली**</u>

रंगों का त्योहार होली देश सहित पूरे प्रदेश में आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और वसंत ऋतु के आगमन का संकेत देता है। होली समानता और भाईचारे का संदेश देती है, क्योंकि समाज के सभी वर्ग जाति, धर्म, रंग, आयु और लिंग की परवाह किए बिना इसे बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं।

इस दिन लोग एक–दूसरे को रंग लगाते हैं, शुभकामनाएँ देते हैं और मिठाइयों का आनंद लेते हैं। त्योहार को मनाने वाले लोग सड़कों पर निकलकर लोकप्रिय गीतों पर नाचते हैं जबकि बच्चे रंगीन गुब्बारे उड़ाकर त्योहार मनाते हैं।

इस बीच राजधानी शिमला में भी होली को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।

अधिक ब्यौरे के साथ यह रिपोर्ट ———

ढोलक की ताल, गुलाल की खुशबू और अबीर की बहार के साथ हंसी ठिठोली करती बच्चों–बड़ों की ये टोलियां आज ऐसे ही गीतों के साथ होली के रंगों से सरोबार हर ओर खुशियों के रंग बिखेर रही है। ऐसे में शहर के गंज बाजार स्थित राधा–कृष्ण मंदिर को ख़ास तरीके से सजाया गया है। इस उत्सव को मनाने के लिए मंदिर में वृंद्वावन से विशेष रूप से मंगवाए गए गुलाल के साथ होली खेली जाएगी। लोगों के लिए पिंचकारियां व पानी के टैंक भी मंगवाएं गए हैं। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में राजधानी के लोग इस उत्सव में भाग लेंगे। जिसे लेकर पुलिस ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं और हुड़दंग मचाने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी। प्रदेश के हर गांव शहर में होली को अलग–अलग तरीकों से धूमधाम से मनाया जा रहा है। कहीं फूलों की होली तो कहीं रंगों की तो कहीं भिन्न–भिन्न पकवान बनाकर एक–दूसरे में वितरित कर होली की खुशियां मनाई जा रही हैं। समाचार कक्ष से मैं जगमोहन शर्मा।

<u>**होली–बधाई**</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएँ दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि होली आनंद और उत्सव का त्योहार है जो सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी होली की शुभकामनाएं दी हैं। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि यह त्यौहार आपसी सम्मान और भाईचारे को मजबूत करती है।

इधर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को होली उत्सव की शुभकामनाएं दीं हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि रंगों के त्योहार होली का हमारी संस्कृति में विशेष महत्त्व है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करेगा व प्रदेशवासियों के जीवन में नए रंग भरेगा। मुख्यमंत्री ने अपने बधाई सन्देश में कहा कि होली उत्सव को सभी लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द को और मज़बूत बनाने में सहायता मिलती है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भी प्रदेशवासियों को होली उत्सव की शुभकामनाएं दीं हैं। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का यह त्योहार प्यार, भाईचारे और खुशी का प्रतीक है।

बजट सत्र

प्रदेश की 14वीं विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण 18 मार्च से आरंभ होगा। ये सत्र 2 अप्रैल तक चलेगा। विधानसभा सचिवालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस दौरान सदन की कुल 13 बैठकें होंगी। 21 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू वित्त वर्ष 2026–27 का बजट पेश करेंगे। उद्योग व संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 23 से 25 मार्च तक बजट पर चर्चा व कटमोशन प्रस्ताव होगा जबकि 28 मार्च को सदन में बजट पारित किया जाएगा।

सीबीएसई–हाईकोर्ट

प्रदेश में सीबीएसई से संबद्ध किए जा रहे सरकारी स्कूलों में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। अदालत ने एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। टीचर्स ज्वाइंट फ्रंट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव भूषण ने दलील दी कि राज्य सरकार ने 134 स्कूलों को सीबीएसई से संबद्ध करने का निर्णय लिया है, जिस पर शिक्षकों को कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन नियुक्ति के लिए तय की गई नई चयन प्रक्रिया से अस्थिरता की स्थिति पैदा होगी।

इको टूरिज्म

प्रदेश सरकार द्वारा इकोटूरिज्म के तहत कुल्लू जिला के अनछुए पर्यटन स्थलों को विकसित किया जा रहा है। वन वृत्त कुल्लू द्वारा 16 से अधिक इको टूरिज्म साइट्स को चिन्हित किया गया है जिनमें पांच इको टूरिज्म साइट्स को खुली नीलामी के जरिए दिया गया है जिसमें एक हेक्टेयर वन भूमि पर पर्यटकों को सुविधा प्रदान की जा रही हैं।

अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददता

प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों की आर्थिकी को बढ़ाने के लिए इको टूरिज्म साइट्स को विकसित किया जा रहा है। इससे स्थानीय युवाओ को भी रोजगार मिलेगा। कुल्लू जिला में काईस धार, सोलंगनाला, कसोल, सुमारोपा, खीर गंगा बिन्द्रावणी इत्यादि साइट्स से वन विभाग को सालाना डेढ़ करोड़ रुपए के राजस्व प्राप्त हो रहा है स इसके अलावा नौ अन्य इको टूरिज्म साइट्स को भी चिन्हित किया गया है स इको टूरिज्म साइट्स को 10 साल के लिए आक्शन किया जा रहा है जबकि इसे 5 साल तक बढ़ाया जा सकता है।

क्रिकेट

आईसीसी पुरुष टी–20 विश्व कप का पहला सेमीफाइनल मुकाबला आज शाम दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम 7 बजे से शुरू होगा।

दूसरे सेमीफाइनल में कल भारत का सामना मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से होगा। दोनों मैचों के विजेता 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मुकाबला खेलेंगे।